हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 29 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के तपोवन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के जोन-दो के वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस जोन में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे राज्य तथा केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन समय में लोकतांत्रिक संस्थानों को सशक्त बनाना, श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों को साझा करना और शासन तथा विधायी कार्य के लिए नवाचारी तरीकों को तलाशने संबंधित एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में सेवा प्रदान करना है।

****

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग - यूजीसी ने रैगिंग रोकथाम विनियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों - आईआईटी, तीन भारतीय प्रबंधन संस्थानों - आईआईएम और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय सहित देश के 89 संस्थानों को नोटिस जारी किया है। रैगिंग संबंधी यूजीसी विनियम 2009 के अनुसार, इससे संबद्ध प्रत्येक संस्थान के छात्रों को रैगिंग विरोधी आश्वासन पत्र जमा कराना आवश्यक है। नोटिस के अनुसार इन संस्थानों ने बार- बार कहने के बावजूद विद्यार्थियों से लिखित में अनिवार्य रैगिंग रोधी वचनबद्धता और संस्थानों से अनुपालन वचनबद्धता प्रस्तुत नहीं की है। नियमों का उल्लंघन करने वाले चार आई.आई.टी. संस्थानों की सूची में बॉम्बे, खड़गपुर, पलक्कड़ और हैदराबाद शामिल हैं। जबकि आईआईएम संस्थानों में बॉम्बे, रोहतक और तिरुचिरापल्ली के नाम शामिल हैं। अन्य उल्लेखनीय संस्थानों में एम्स रायबरेली और दिल्ली के अलावा आंध्र प्रदेश और हरियाणा में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के नाम शामिल हैं।

****

हरियाणा के पीएम श्री स्कूलों व आदर्श संस्कृति स्कूलों में नियुक्ति के लिए आज परीक्षा ली जा रही है। प्रदेश के 12 हजार 320 अध्यापक 42 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दे रहे हैं।इन परीक्षाओं में सबसे अधिक 6 हजार 799 पीजीटी अध्यापक परीक्षा दे रहे हैं।बोर्ड अध्यक्ष डा. पवन कुमार ने आज भिवानी में एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि सुबह 4 बजे प्रश्न पत्रों को जीयो लोकेशन तकनीक के आधार पर शिक्षा बोर्ड से किया रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए बोर्ड पर्यवेक्षक व जिला शिक्षा अधिकारियों के उडऩदस्ते तैनात किए गए हैं।बोर्ड के सचिव मुनीष नागपाल ने बताया कि पांच जुलाई को परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे ।उन्होंने बताया कि सफल अभ्यार्थियों कोप्रदेश के 218 मॉडल

संस्कृति व 250 मॉडल संस्कृति स्कूलों में तैनाती मिलेगी।HTET परीक्षा व नेट की परीक्षाओं की तारीखे मिलने को लेकर उन्होंने कहा कि HTET परीक्षाओं की तारीखों में हो सकता बदलाव हो सकता है।

****

हरियाणा में कल से 31 जुलाई तक एनीमिया मुक्त भारत मास मनाया जाएगा।भिवानी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर शांडिल्य ने कहा कि एनीमिया मुक्त भारत मास मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में खून की कमी को कम करना है। उन्होंने कहा कि पूरा माह एनीमिया को लेकर विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को लक्ष्य दिया गया है।

उन्होंने कहा -

1-रघुबीर शांडिल्य -23 सेकंड

****

भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो की गुरूग्राम शाखा द्वारा कल लतीफ नामक एक व्यक्ति को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी नूंह जिले में गांव बसई मेव का निवासी है।ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी द्वारा आरोपी शेर मोहम्मद, और फरार आरोपियों शाबिर शौकत व हनीफ के साथ मिलीभगत करके गांव बसई मेव की चकबंदी के दौरान दो अवैध रास्तो बारे चकबंदी अधिकारियों को ग्राम पंचायत की तरफ से प्रस्ताव दिया व अवैध रास्ते निर्धारित करवाने उपरान्त इन रास्तो का अवैध निर्माण करवाया तथा रास्तो का इस्तेमाल अवैध खनन सामग्री को लाने ले जाने में किया और अनुचित आर्थिक लाभ लिया।उन्होंने बताया कि ग आरोपी को तफतीश के दौरान पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर गिरफतार किया गया है।उसे आज अदालत में पेश किया जा रहा है।इस मामले में एक अन्य आरोपी शेर मोहम्मद व चकबंदी विभाग के तीन तत्कालीन अधिकारियों को पहले ही गिरफतार किया जा चुका है।

****

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र के साथ प्रदेश के सभी हिस्सों में एक समान कार्य करवाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है।जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा कल रोहतक में 24 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित बरसाती जल निस्तारण केंद्र के उद्घाटन के उपरांत लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोहतक शहर की भौगोलिक स्थिति कटोरानुमा है तथा वर्षा के दौरान इस क्षेत्र में जलभराव हो जाता था। सरकार द्वारा नागरिकों की इस समस्या के निदान के लिए बरसाती जल निस्तारण केंद्र का निर्माण किया गया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर में नल व नल में स्वच्छ जल के सपने को साकार करने की

दिशा में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। विभाग द्वारा स्वच्छ पेयजल, बेहतर सीवर व्यवस्था व बरसाती जल निकासी के प्रबंधों को निरंतर बेहतर किया जा रहा है।

****